
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र


(दिनांक 21.04.2022 से 24.04.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम कष्ट निवारण समिति की बैठक
(दिनांक 21.04.22)




**विषय: गुरुग्राम कष्ट निवारण समिति की बैठक।**
**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम पहुंचकर जिले की कष्ट निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिकायतों से संबंधती अधिकारियों को कई निर्देश दिए। जिसमे

- अपने–2 कार्यक्षेत्र में अतिक्रमण हटवाना सुनिष्चित करना।
- सी एंड डी वेस्ट उठवाने के लिए नगर निगम गुरूग्राम व्यवस्था बनाना।
- सीसीटीवी कैमरों से अवैध मलबा डालने वालों पर नज़र रखना शामिल है।

गुरूग्राम शहर में सरकारी जमीन पर झुग्गी झोपड़ी डालने और अतिक्रमण की शिकायत भी मुख्यमंत्री जी के सामने उठाई गई। इसमें मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाना सुनिष्चित करें और जनसुविधाओं के लिए दी गई जमीन को भी राजस्व रिकॉर्ड में विभाग या सरकार के नाम दर्ज करवाएं। उन्होंने सभी एजेंसियों को आपसी तालमेल से काम करने की हिदायत भी दी।

मुख्यमंत्री जी का आज गुरूग्राम दौरा फरूखनगर कस्बा की कन्या पाठशाला में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए वरदान साबित हुआ। इस पाठशाला में छात्राओं के कक्षा भवन की कमी का मामला मुख्यमंत्री जी के सामने रखा गया था। इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं' अभियान को लागू करने वाला अग्रणी प्रदेश है, इसलिए शिक्षा विभाग से नया भवन बनाने की मंजूरी जल्द दिलवाई जाएगी और प्रस्ताव मंजूर होने का इंतजार किए बगैर निर्माण कार्य 20 दिन में शुरू कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने गाड़ौली खुर्द की दो प्रदूषण फैलाने वाली ईकाइयां बंद करने के निर्देश भी दिए।

साथ ही प्रदेश में पावर कट की समस्या का जल्द समाधान करने का विश्वास भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कश्मीर फाइल्स' फिल्म के निर्देशक से भेंट

(दिनांक 23.04.22)



**विषय: कश्मीर फाइल्स' फिल्म के निर्देशक से भेंट।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ स्थित अपने आवास पर फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक श्री विवेक रंजन अग्निहोत्री और उनकी पत्नी व फिल्म की निर्माता श्रीमती पल्लवी जोशी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों गणमान्य अतिथियों ने मुख्यमंत्री जी के नियंत्रण कक्ष और मुख्यमंत्री आवास में स्थापित पुस्तकालय का दौरा भी किया।



पुस्तकालय के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें मिले स्मारकों और उपहारों की जल्द ही नीलामी की जाएगी और नीलामी से प्राप्त राशि सामाजिक कार्यों के लिए दी जाएगी। इस पर विवेक रंजन अग्निहोत्री और उनकी पत्नी ने कहा कि वे राज्य में किसी भी प्रकार की सामाजिक सेवा हेतु सहयोग के लिए तैयार हैं।

मुख्यमंत्री जी ने बाद में दोनों गणमान्य व्यक्तियों को श्रीमद्भगवद् गीता और शॉल भी भेंट की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400 वाँ प्रकाश पर्व
(दिनांक 24.04.22)



**विषय: श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400 वाँ प्रकाश पर्व।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पानीपत पहुंचकर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में किए जा रहे आयोजन में भाग लिया और गुरग्रंथ साहब को मत्था टेका। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज 24 अप्रैल, 2022 का दिन हरियाणा के इतिहास की नई गाथा लिख गया। पानीपत की पावन धरा पर मनाया गया हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश उत्सव सभी प्रदेश वासियों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होने कहा की हमारी भावी पीढ़ी को भी गुरुओं द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुओं ने समाज और देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। जब 500 कश्मीरी पंडितों का जत्था श्री गुरु तेग बहादुर के पास आनंदपुर साहिब पहुंचा । उन्होंने औरंगजेब के अत्याचार के बारे में गुरु साहिब को अवगत करवाया, तब गुरु साहिब ने कहा हमें एक काम करना होगा और किसी महापुरुष का बलिदान देना होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र





इस पर 8 वर्ष के गुरु साहिब के पुत्र गुरु गोबिंद सिंह ने कहा कि आपसे बड़ा बलिदानी कौन होगा और श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कुर्बान कर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देष्य प्रेम, त्याग और बलिदान से भरपूर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन व उनके आदर्शों से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना है।

इस मौके पर श्री संजय भाटिया जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लिखित संदेश भी पढ़ कर सुनाया। प्रधानमंत्री जी ने अपने संदेश में लिखा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर पानीपत में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन करने पर हरियाणा सरकार को बधाई व शुभकामनाएं। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हमें गुरु सेवा और जीव सेवा का मार्ग दिखाया और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। आज हमारा देश पूरी निश्ठा के साथ गुरुओं द्वारा दिखाए गए मार्ग और उनके आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर कई बड़ी घोषणाएं भी की जिनमे–

समागम स्थल का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा जाना।

समागम स्थल तक आने वाली सड़क नाम भी श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर करना। और

यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखना शामिल है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने एक अन्य घोषणा करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने लड़ते वक्त जिन शस्त्रों का प्रयोग किया, उनकी प्रदर्शनी देशभर में लगाई जाएगी। उन्होंने यह फैसला किया है कि इन शस्त्रों को लेकर जाने वाला वाहन हरियाणा सरकार अपनी ओर से भेंट देगी।